राजस्थान प्रारम्भिक शिक्षा परिषद्
द्वितीय व तृतीय तल, ब्लॉक–5, डॉ.एस. राधाकृष्णन शिक्षा संकुल,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर।

SWSHE
School Water Sanitation & Hygiene Education Cell

फोन नं: 0141–2708487 E-Mail:- swshecell@hotmail.com फैक्स न: 0141–2708487

क्रमांक : F.5 (4) (134)/RCEE/SWSHE/SBSV Act./2017/8026 दिनांक : 18/10/17

जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा.शि. एवं मा.शि)
एवं जिला परियोजना समन्वयक, **SSA/RMSA**
जिलाः समस्त

विषयः समस्त राजकीय विद्यालयों में दिनांक 30.10.2017 से दिनांक 06.11.2017 तक "स्वच्छता सप्ताह" मनाये जाने के सम्बन्ध में।

संदर्भः संयुक्त शासन सचिव प्रारंभिक शिक्षा (आयोजना) विभाग, राजस्थान सरकार का पत्रांक प.21 (15) प्राशि/आयो/2017 पार्ट दिनांक 12.10.2017।

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं संदर्भित पत्र के क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि समस्त राजकीय विद्यालयों में दिनांक 30.10.2017 से दिनांक 06.11.2017 "स्वच्छता सप्ताह" मनाया जाना है। "स्वच्छता सप्ताह" के दौरान समस्त राजकीय विद्यालयों में निम्नानुसार गतिविधियॉ आयोजित की जानी हैः–

1. प्रथम तीन दिवस में विद्यालय परिसर की साफ–सफाई, रंग–रोगन का कार्य करवाया जावे।
2. विद्यालय के खेल–मैदानों की साफ–सफाई करवायी जावे एवं वृक्षारोपण का कार्य किया जावे।
3. विद्यालयों में स्थित पानी की टंकियों की साफ–सफाई करवायी जावे।
4. विद्यालयों के कक्षा–कक्षों, शौचालयों एवं मूत्रालयों की साफ–सफाई करवायी जावे।
5. विद्यालय परिसर में जन सहयोग से एल.ई.डी. लाईट्स लगवायी जावे।
6. स्वच्छता सप्ताह के दौरान विद्यालयों में नकारा सामानों की छंटनी कर, नियमानुसार निस्तारण की कार्यवाही की जावे।
7. विद्यालयों में अध्ययनरत बालक–बालिकाओं को स्वच्छता कार्यक्रम अन्तर्गत व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्वच्छता रखने के लिए जागरुक किया जावे एवं नाखून की सफाई एवं स्वच्छता के सम्बन्ध में प्रार्थना सत्र में विशेष प्रकाश डाला जावे व मिड डे मिल से पूर्व साबुन से हाथ–धुलाई कार्यक्रम पर जोर दिया जावे।
8. समस्त राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत बालक–बालिकाओं को स्वच्छता के महत्व हेतु जागरुक किया जावे।
9. समस्त राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत बालक–बालिकाओं को स्वच्छ यूनीफार्म हेतु जागरुक किया जावे।

अतः निर्देशित किया जाता है कि सभी ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों तथा पंचायत शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से सभी संस्था प्रधानों को निर्देशित किया जाए कि प्रत्येक राजकीय विद्यालय में दिनांक 30.10.2017 से दिनांक 06.11.2017 "स्वच्छता

www.rajteachers.com

सप्ताह" से सम्बन्धित समस्त गतिविधीयों का आयोजित होना तथा सम्बन्धित गतिविधियों के फोटोग्राफ, विडियोज जिला परियोजना कार्यालय द्वारा रा.प्रा.शि.प. की swshe cell को ई मेल swshecell@hotmail.com पर दिनांक 08.11.2017 तक अनिवार्य रुप से उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।

(जस्साराम चौधरी)
अतिरिक्त आयुक्त

प्रतिलिपि :–

9. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान, जयपुर
1. संयुक्त शासन सचिव प्रारंभिक शिक्षा (आयोजना) विभाग, राजस्थान सरकार
2. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बिकानेर
3. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बिकानेर
4. निजी सचिव, आयुक्त, रा.प्रा.शि.प., जयपुर को IDMS के प्रकरण संख्या 1061 दिनांक 16/10/2017 को निस्तारित करने हेतु
5. राज्य परियोजना निदेशक, रामाशिप, जयपुर
6. निजी सचिव, अतिरिक्त आयुक्त, रा.प्रा.शि.प., जयपुर
7. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, जिलाः– समस्त
8. सहायक अभियन्ता, जिला समस्त
9. रक्षित पत्रावली

(अनिल कुमार माथुर)
अधीक्षण अभियन्ता

www.rajteachers.com